आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ज़ोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद पूरी दुनिया से संवेदनाएं आ रही हैं और वैश्विक नेताओं ने हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री ने डॉक्टर के. कस्तूरीरंगन के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। हिमाचल प्रदेश में किन्नौर ज़िले की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किन्नौर में केसर का उत्पादन शुरू हो गया है जबकि अब तक ये ज़िला केवल सेब के लिए प्रसिद्ध था। एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक वर्ष पूरा करने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि देश के बाहर भी लोगों ने अपनी मां के नाम पर पौधे लगाए हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ नाहन में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि वैश्विक पटल पर भारत और भारतीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों को पहचान दिलाने में मन की बात कार्यक्रम ने अहम भूमिका निभाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की मुख्य धारा से दूर काम कर रहे लोगों की परियोजनाओं को एक नई पहचान और नया मंच मिलता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व सांसद सुरेश कश्यप भी इस दौरान मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सेवा

राज्य सरकार डॉक्टर–नर्स–रोगी अनुपात के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को लागू करने के लिए कार्य कर रही है। इन मानदण्डों को पूरा करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेज़ी लाई गई है जिससे प्रदेश के

लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकें। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों को आकर्षित करने के लिए अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों को पूरा वेतन दिया जाएगा। इससे उनके पेशेवर विकास को और बढ़ावा मिलेगा। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों को मासिक स्टाइपंड में 50 से एक सौ 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की है।

भाजपा

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत सिरमौर का ज़िलास्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम आज नाहन में संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि देश की अनुसूचित जातियों को कांग्रेस ने केवल वोट बैंक की तरह ही इस्तेमाल किया और उनके विकास के लिए नारेबाज़ी के अलावा कुछ नहीं किया। प्रदेश भाजपा महासचिव बिहारी लाल शर्मा व सांसद सुरेश कश्यप ने भी अपने विचार रखे।

उत्सव

ऊना ज़िले में हरोली के कांगड़ मैदान में राज्यस्तरीय हरोली उत्सव आज से शुरू हो गया है। इस वर्ष इस उत्सव की थीम नशा निवारण निर्धारित की गई है। इसके तहत 'नशामुक्त ऊना—नशामुक्त हिमाचल' का संदेश जन—जन तक पहुंचाया जाएगा। 29 अप्रैल तक चलने वाले हरोली उत्सव के दौरान विभिन्न खेलकूद गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

खेलकूद

सोलन ज़िले के दाड़लाघाट में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ज़िलास्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में ज़िलेभर के संस्थानों की 2 सौ से अधिक महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो—खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन खेल सहित सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। समापन अवसर पर विधायक संजय अवस्थी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की असीमित ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान कर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मज़बूत बनाती हैं।

भूस्खलन

चम्बा ज़िले की पांगी घाटी को कुल्लू के रास्ते जोड़ने वाला एस.के.टी.टी. मुख्य मार्ग तिंदी के समीप कढूनाला में आज सुबह भारी भूस्खलन के चलते अवरूद्ध हो गया है। ऐसे में सड़क के दोनों ओर कई वाहन फंस गए हैं। पंगवाल एकता मंच ने सीमा सड़क संगठन से इस मार्ग को जल्द खोलने का आग्रह किया है। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने उम्मीद जताई कि मार्ग पर यातायात जल्द ही सुचारू हो जाएगा।

..............................................................